and supply, cost of inputs, local taxes, marketing costs, etc. which aire variable. It is, therefore, not feasible, nor does Central Excise law have a provision, to ensure that duty concessions ate reflected in the market prices.

However, the concerned administrative Ministries in the Government hold periodical discussions with the trade and industry and also monitor prices- It is seen that the duty concessions granted recently have often resulted in bringing down the manufacturers' prices.

भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमित व्यक्ति

5969. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1992–93 और 1993–94 के वर्षों के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा कितने लोगों का बीमा किया गया तथा उनसे कितनी धनराशि प्रीमिअम के रूप में प्राप्ति की गई ;

(ख) बीमा कराने वाले व्यक्तियों को बीमा पालिसी जारी करने के लिए निगम द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई ;

(ग) बीमा पालिसियों में से कितनी पालिसियां प्रीमियम का भुगतान न करने के कारण समाप्त हो गई ; और

(घ) इस तरह समाप्त हुई बीमा पालिसियों के कारण निगम को कितनी रकम का नुकसान वहन करना पड़ा और उसका क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) जीवन बीमा निगम ने सूचित किया है कि 1992–93 और 1993–94 के दौरान बीमाकृत व्यक्तियों की संख्या के बारे में उनके पास कोई सूचना उपलब्ध नहीं है और इस सूचना को एकत्रित करने में आ वाली लागत और प्रयास इसकी उपयोगिता के अनुरूप नहीं होंग । फिर भी, जारी की गई पालिसियों की संख्या और जीवन बीमा निगम द्वारा अंकित प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय नीचे दी गई है :–

वर्ष	जारी की गई नई पालिसियों की संख्या	प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (करोड़ रुपये में)
1992–93	99,57,348	1609.16
1993–94	1,07,25,633	1890.63

(ख) जीवन बीमा निगम ने सूचित किया है कि उपरोक्त नई पालिसियों के संबंध में किया गया व्यय 1992–93 में 1046.49 करोड़ और 1993–94 में 1210 करोड़ रु० था ।

(ग) वर्ष 1992–93 और 1993–94 के दौरान जारी की गई नयी पालिसियों में से व्यपगत पालिसियों की संख्या 31.3.94 तक, 1992–93 में 20,03,976 और 1993–94 में 1,39,780 थी ।

(घ) जीवन बीमा निगम ने सूचित किया है कि जीवन बीमा में लाभ और हानि की सामान्य कारोबार संबंधी संकल्पना का कोई स्थान नहीं है । तथापि, पालिसी धारकों को भुगतान के लिए उपलब्ध कुल अधिशेष पर (जो प्रत्येक वर्ष बीमांकिक मूल्यांकन से प्राप्त होता है) व्यपगमन के कारण दबाव पड़ता है परन्तु उसकी मात्रा निश्चित करना कठिन है ।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता

5970. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या क्षेत्रीय ग्रामीण विकास